# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

(बिहार सरकार का उपक्रम)
(निबंधित कार्यालयः विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

## सार्वजनिक सूचना
## जन प्रतिक्रिया के संबंध में अनुरोध

1. बिहार स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड (बी0 एस0 पी0 टी0 सी0 एल0), ट्रांसमिशन लाइसेंसधारी सभी हितधारकों एवं आम नागरिकों को सूचित करता है कि कम्पनी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए वास्तविक खर्च की स्वीकृति (Truing up), वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए वार्षिक समीक्षा याचिका तथा वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए कुल राजस्व की आवश्यकता एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु ट्रांसमिशन शुल्क के लिए बिहार विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के निर्धारण के लिए नियम एवं शर्ते) विनियम 2007 एवं बिहार विद्युत विनियामक आयोग (बहुवर्षीय संचरण टैरिफ एवं एस0 एल0 डी0 सी0 शुल्क) विनियम 2018 के अंतर्गत बिहार विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष याचिका दायर की है। माननीय आयोग ने याचिका को केस संख्या 32/2019 की तहत अभिलेख पर दर्ज कर लिया है।
2. टैरिफ याचिक का सक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है :–

### टैरिफ याचिका का सारांश

(रू0 करोड़ में)

| क्र0 सं0 | खर्च की विवरणी | वित्तीय वर्ष 2018–19 | | वित्तीय वर्ष 2019–20 | | वित्तीय वर्ष 2021–22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | टैरिफ आदेश दिनांक 07.03.2018 में अनुमोदित | वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए वास्तविक खर्च का दावा | बहुवर्षीय टैरिफ आदेश दिनांक 15.02.2019 में अनुमोदित | वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए वार्षिक समीक्षा का संषोधित अनुमान | बहुवर्षीय टैरिफ आदेश दिनांक 15.02.2019 में अनुमोदित | वित्तीय वर्ष 2020–21 के कुल राजस्व की आवश्यकता के लिए संबोधित प्रस्ताव |
| 1 | उपलब्धता कारक | 98.00% | 99.23% | 98.00% | | 98.00% | |
| 2 | राज्य के अन्दर संचरण हानि | 3.92% | 3.99% | 3.92% | 3.92% | 3.92% | 3.92% |
| 3 | पूंजीगत व्यय | 700.75 | 716.08 | 2893.55 | 945.18 | 949.78 | 427.05 |
| 4 | पूंजीकरण | 2706.96 | 1207.28 | 1310.43 | 1387.08 | 1990.45 | 1634.04 |
| 5 | कर्मी सेवकों पर व्यय | 105.95 | 158.78 | 182.06 | 183.39 | 225.00 | 209.36 |
| 6 | मरम्मती एवं अनुरक्षण का व्यय | 50.16 | 36.34 | 96.73 | 84.39 | 114.15 | 103.25 |
| 7 | प्रशासनिक एवं सम्मान्य व्यय | 19.10 | 37.05 | 44.61 | 40.47 | 54.19 | 44.65 |
| 8 | होल्डिंग कंपनी का खर्च | 5.35 | 13.18 | 10.63 | 13.18 | 10.66 | 13.18 |
| 9 | इक्विटी पर लाभ | 304.32 | 184.74 | 351.08 | 300.87 | 420.82 | 378.93 |
| 10 | ह्रास | 324.07 | 191.75 | 313.99 | 257.65 | 401.36 | 333.16 |
| 11 | ऋण पूंजी पर ब्याज एवं वित्तीय शुल्क | 327.29 | 269.22 | 343.17 | 358.32 | 440.85 | 460.27 |
| 12 | घटाकर :– निर्माण के दौरान ब्याज, यदि कोई | 18.15 | - | - | - | - | - |
| 13 | कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 34.34 | 28.17 | 13.44 | 11.96 | 16.90 | 14.84 |
| 14 | आयकर/न्यूनतम वैकल्पिक कर | - | 119.44 | - | - | - | - |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | ट्रान्समिशन उपलब्धता के लिए प्रोत्साहन | - | 15.13 | - | - | - | - |
| A | कुल खर्च (5+6+7+8+5+10+11+12+13+14+15) | **1152.43** | **1053.79** | **1355.71** | **1250.23** | **1683.93** | **1557.64** |
| B | गैर शुल्क सूची आय के लिए | 43.14 | 121.28 | 76.50 | 121.28 | 80.33 | 121.28 |
| C | ट्रांसमिशन के लिए शुद्ध राजस्व आवश्यकता (A-B) | **1109.29** | **932.52** | **1279.20** | **1128.96** | **1603.60** | **1436.36** |
| D | जोड़कर:– पहले के वर्षों का राजस्व अंतर / रखाव व्यय लेकर | **85.09** | **85.09** | **(276.89)** | **(276.89)** | - | **100.89** |
| E | घटाकर : वार्षिक वित्तीय वर्ष 2018–19 के समीक्षा से राजस्व अधिशेष | - | - | - | - | - | **(150.25)** |
| F | कुल वार्षिक राजस्व आवश्यकता | **1194.38** | **1017.61** | **1002.32** | **852.07** | **1603.60** | **1387.00** |
| G | घटाकर : ट्रान्समिशन शुल्क अनुमोदित/प्राप्त | - | **934.16** | **1002.32** | **1002.32** | | - |
| H | राजस्व अंतर/अधिशेष इस साल के लिए | **0.00** | **83.45** | **0.00** | **(150.25)** | - | - |

3. कण्डिका संख्या 1 में वर्णित टैरिफ याचिका की प्रतियाँ **मुख्य अभियंता (पी0 एण्ड ई0+एस0 टी0 यू0), बिहार स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, चतुर्थ तल, विद्युत भवन–1, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना– 800021** के कार्यालय में दिनांक 18/12/2020 से रूपया 500/– के भुगतान पर उपलब्ध रहेगी। टैरिफ याचिका बेवसाइट www.bsptcl.in/www.berc.co.in पर भी उपलब्ध है एवं वहाँ से डाउनलोड की जा सकती है।

4. इच्छुक व्यक्ति टैरिफ याचिका का निःशुल्क निरीक्षण/ अवलोकन कार्यालय अवधि के दौरान उपरोक्त बी0 एस0 पी0 टी0 सी0 एल0 के कार्यालय में कर सकते है। उपरोक्त टैरिफ याचिका पर आपत्ति/सुझाव, यदि कोई हो तो सहायक दस्तावेज के साथ **सचिव, बिहार विद्युत विनियामक आयोग, भूतल, विद्युत भवन–2, बेली रोड, पटना–800021 को व्यक्तिगत अथवा निबंधित डाक से दिनांक 07/01/2020 तक या उसके पहले** समर्पित किया जा सकता है।

उपरोक्त आपत्ति/सुझाव की एक प्रति **मुख्य अभियंता (पी0 एण्ड ई0+एस0 टी0 यू0), बी0 एस0 पी0 टी0 सी0 एल0, विद्युत भवन–1, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800021** को भी निश्चित तौर पर उपलब्ध करायी जाए तथा उक्त सेवा का साक्ष्य सचिव, बिहार विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष की जाने वाली दाखिल याचिका के साथ संलग्न करें।

5. उपरोक्त आपत्ति/सुझाव आपत्तिकर्त्ताओं के पूरा नाम तथा डाक पता के साथ छः प्रतियों में समर्पित की जायेगी। अगर, किसी संगठन अथवा उपभोक्ताओं की श्रेणी द्वारा आपत्ति दर्ज करायी जा रही है तो उक्त तथ्य का उल्लेख आपत्ति/सुझाव पर किया जाना चाहिए।

6. बिहार विद्युत विनियामक आयोग **दिनांक 13.02.2020 को 10.30 बजे** दिन में अपने पटना के कोर्ट रूम में जन सुनवाई आयोजित करेगा।

स्थान : पटना
तिथि :

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए

13.12.2019

(उत्तम कुमार)
निदेशक (परिचालन)
विद्युत भवन–1, बेली रोड, पटना